**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला**

## श्री सतीश कुमार जी, स्टाफ कार ड्राइवर स्पेशल ग्रेड को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

देश भर में राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र से सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समर्पित सेवाओं का सम्मान करने के लिए 29 फरवरी, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, मुख्यालय कार्मिक प्रभाग द्वारा एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सत्र आयोजित किया गया।







**श्री सतीश कुमार जी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र में अपनी आनंदमय यात्रा के लिए राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, मुख्यालय के अधिकारियों को धन्यवाद व्यक्त करते हुए**

वीडियो सम्मेलन के माध्यम से देशभर के सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भाग लिया और अपने-अपने अनुभव साझा किए। श्री अजय सिंह चैहल जी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के साथ श्री सतीश कुमार जी एवं अन्य अधिकारी भी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र से शामिल हुए। श्री सतीश कुमार जी ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र में अपनी आनंदमय यात्रा के लिए सभी को धन्यवाद दिया और राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र को शुभकामनाएं दीं।

श्री सतीश कुमार, स्टाफ कार ड्राइवर स्पेशल ग्रेड के लिए एक विदाई पार्टी का भी आयोजन किया गया। 29 फरवरी, 2024 शाम को राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र में उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया।




**श्री सतीश कुमार के विदाई समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र के समस्त अधिकारी**

श्री सतीश कुमार जी 20 मई, 1993 को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र में शामिल हुए और अपने जीवन के लगभग 31 वर्ष राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र की सेवा में समर्पित किए। दिन हो या रात, उन्होंने कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के दौरान भी अटूट प्रतिबद्धता और समर्पणभाव के साथ राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र अधिकारियों और मेहमानों के सुचारू परिवहन को सुनिश्चित किया।

एक ड्राइवर के रूप में अपने कर्तव्यों से परे, वह एक दोस्त और एक जाना-पहचाना चेहरा रहे हैं, जो हर किसी के लिए, खासकर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र में शामिल हुए नए लोगों के लिए हमेशा मुस्कुराहट के साथ मदद के लिए तैयार रहे।

राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश एवं अन्य सभी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने सेवा के दौरान उनके प्रयासों, ईमानदारी और मार्गदर्शन की सराहना की। सभी ने श्री सतीश कुमार जी को सुखी और स्वस्थ सेवानिवृत्ति के पश्चात् जीवन की नई पारी की शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री मुकेश कुमार जी ने श्री सतीश कुमार जी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें समर्पित एक कविता सुनाई।







वीडियो सम्मेलन के माध्यम से शामिल हुए हिमाचल प्रदेश के जिला एवं क्षेत्रीय अधिकारी



श्री पंकज राणा जी पुत्र श्री सतीश कुमार जी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र में अपने पिता की यात्रा के लिए सभी को धन्यवाद व्यक्त करते हुए




श्री सतीश कुमार जी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र में अपने अनुभव साझा करते हुए

समस्त जिला और अन्य संबद्ध अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र के सभी अधिकारी वीडियो सम्मेलन के माध्यम से शामिल हुए और उन्हें उनकी सेवानिवृत्ति के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

श्री सतीश कुमार जी ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र परिवार के सभी सदस्यों को सेवा के दौरान उनके सहयोग और निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस अवसर को वास्तव में यादगार बनाने के लिए सभी की उपस्थिति की सराहना की। विदाई के दौरान उन्हें उनकी पीपीओ पुस्तिका और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ दस्तावेज भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में श्री सतीश

कुमार जी को राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिमाचली शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया।

## कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ



**श्री अजय सिंह चहल जी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री सतीश कुमार जी को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए**



**श्री सतीश कुमार जी को सम्मानित करते हुए श्री विमल कुमार शर्मा जी**




**श्री ललित कपूर जी, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश की ओर से उपहार भेंट करते हुए**




**श्री सतीश कुमार जी की पत्नी को सम्मानित करतीं हुयीं कु. अंकिता मिश्रा**




पीपीओ पुस्तिका सौंपते श्री राजेश कुमार यदुभूषणम जी, अनुभाग अधिकारी



श्री सतीश कुमार जी के साथ राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों की ग्रुप फोटो